पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-13

मंगलवार, दिनांक-13 मार्च, 2012 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 36 एवं 37 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'क' 237, 1274 एवं 1289 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 08 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vi) 109 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री जनक सिंह
(ii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iv) श्री राजेश्वर राज
(v) श्रीमती मुन्नी देवी
(vi) श्री श्याम बिहारी राम
(vii) श्री प्रदीप कुमार
(viii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(ix) श्रीमती लेशी सिंह
(x) श्रीमती सुजाता देवी
(xi) श्री राजकुमार राय
(xii) श्री कृष्णनंदन यादव
(xiii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xiv) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(xv) श्रीमती पूनम देवी यादव

[3] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :-

(i) माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित दिनांक 29.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री गजानन्द शाही एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित दिनांक 02.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री रामधनी सिंह एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित दिनांक 02.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा 15.03.2012 तक का समय लिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का वित्त विभाग से संबंधित दिनांक 12.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री सत्यदेव सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(vi) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[4] **वित्तीय कार्य** :-**वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान** :-

पथ निर्माण विभाग :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री नंद किशोर यादव द्वारा विभाग की अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय द्वारा राज्य सरकार की पथ निर्माण नीति पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती लेशी सिंह
(ii) श्री सदानंद सिंह
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(iv) श्री बृज किशोर सिंह
(v) श्री जनक सिंह
(vi) श्री मदन सहनी
(vii) श्री आलोक रंजन
(viii) श्री ललित कुमार यादव
(ix) श्री कन्हैया कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(x) श्री पवन कुमार जायसवाल

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर कांग्रेस को छोड़कर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[5] **निवेदन** :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 20 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 14 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-13.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।